Regarding stoppage of Jan Shatabdi express or Tejas express train at Rajapur Road Station - laid

श्री मनोज कोटक (मुम्बई उत्तर-पूर्व): मैं माननीय रेलमंत्री जी का ध्यान रत्नागिरी से कणकवली के बीच यात्रा करने वाले रेलयात्रियों की समस्या की ओर दिलाना चाहता हूँ। रत्नागिरी से कणकवली के बीच 120 किलोमीटर के रेलमार्ग में सिर्फ चार ट्रेनों का स्टॉपेज़ है- कोकण एक्सप्रेस, सावंतवाड़ी दादर एक्सप्रेस, दिवा एक्सप्रेस और मांडवी एक्सप्रेस। इसके अलावा इस 120 किलोमीटर के फासले में कोई अन्य एक्सप्रेस रेलगाड़ी नहीं रूकती है।

मेरा माननीय रेल मंत्री महोदय से सविनय निवेदन है कि इस 120 किलोमीटर के बीच पड़ने वाले राजापुर रोड़ स्टेशन में जन शताब्दी एक्सप्रेस या तेजस एक्सप्रेस का एक स्टॉपेज देने की कृपा करे। रत्नागिरी से कणकवली के बीच और इस स्टेशन के आस पास लगभग 12 हजार से अधिक प्रवासी रहते हैं, जो मुम्बई सहित अन्य स्थानों पर जीविकोपार्जन के लिए आते जाते रहते है। राजापुर रोड़ पर स्टॉपेज होने से इन 12 हजार से अधिक लोगों को काफी राहत और लाभ होगा और इन्हें अपने गंतव्य तक पहुँचने में सुविधा मिलेगी। साथ ही कोंकण के लोग जो मुंबई और किसी अन्य स्थान पर रोजगार के कारण प्रवास करते हैं और फेस्टिवल्स में या छुट्टियों में अपने घर आना चाहते हैं उन्हें राहत मिलेगी।